# कार्यवृत्त

## 25वीं वित्त समिति
## (वीडियो कॉन्फ्रेसिंग द्वारा)

दिनांकः 12 मार्च, 2024

समय : सांय 3.00 बजे

स्थानः कार्यालय मा० कुलपति, दून विश्वविद्यालय, देहरादून

दून विश्वविद्यालय,
मोथरोवाला रोड, केदारपुर
देहरादून–248012
**Email: fc@doonuniversity.ac.in, Website: www.doonuniversity.ac.in**

**दून विश्वविद्यालय, मोथरोवाला रोड,**
**केदारपुर देहरादून—248012**

**दून विश्वविद्यालय की वित्त समिति की 25वीं बैठक का कार्यवृत्त**

24वीं वित्त समिति की बैठक प्रो० सुरेखा डंगवाल, मा० कुलपति, दून विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में दिनांक 12 मार्च, 2024 को उनके कार्यालय कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक सम्पन्न हुई जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित रहे :—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो० एस०पी० सिंह | मा० कुलपति (से०नि०), सदस्य कार्यकारी परिषद, दून विश्वविद्यालय, देहरादून। |
| 2. | प्रो० आर०पी० मंमगाई | विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, दून विश्वविद्यालय, देहरादून। |
| 3. | श्री व्योमकेश दुबे | उप—सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून। |
| 4. | श्री विजय कुमार | संयुक्त सचिव, वित्त विभाग उत्तराखण्ड शासन, देहरादून। |
| 5. | डा० मंगल सिंह मन्द्रवाल | कुलसचिव, दून विश्वविद्यालय, देहरादून। **(आमंत्रित)** |
| 6. | श्री सुनीक कुमार रतूड़ी | वित्त नियंत्रक, दून विश्वविद्यालय, देहरादून। **(सचिव)** |

मा० कुलपति, दून विश्वविद्यालय द्वारा वित्त समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया एंव वित्त समिति के सदस्यों द्वारा अपना बहुमूल्य योगदान देने हेतु उनका धन्यवाद किया।

**मद सं०: 2024:25:02** — **दून विश्वविद्यालय, देहरादून में दिनांक 15 सितम्बर, 2024 को आयोजित 24वीं वित्त समिति बैठक के कार्यवृत्त के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त के सम्बन्ध में मा० वित्त समिति के सदस्यों से कोई टिप्पणी एवं सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं।

**मद सं०: 2024:25:03** — **वित्त समिति की 24वीं बैठक के बिन्दुओं पर की गयी कार्यवाही पर समीक्षा।**

वित्त समिति के सदस्यों द्वारा 24वीं बैठक के बिन्दुओं पर की गयी कार्यवाही पर संतुष्टि प्रकट की गयी।

मद सं०: 2024:25:04

**दून विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2024–25 के आवंटित बजट को विश्वविद्यालय के विभिन्न मदों में व्यय किये जाने के सम्बन्ध में।**

वित्त समिति के सदस्यों द्वारा सम्यक विचारोपरान्त वित्तीय वर्ष 2024–25 के आवंटित बजट को विश्वविद्यालय के विभिन्न मदों में व्यय किये जाने पर स्वीकृति प्रदान की गयी।

मद सं० : 2024:25:05

**दून विश्वविद्यालय में उपलबध कार्पस फण्ड धनराशि को दून विश्वविद्यालय के विभिन्न सम्भावित कार्यो में व्यय करने के सम्बन्ध में।**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। वित्त समिति द्वारा **"शोध कार्यो एवं सामाजिक सरोकार कार्यो हेतु कॉर्पस निधि"** का नाम बदलकर **"शोध कार्यो एवं प्रसार गतिविधियॉ (Extension Activity)"** किये जाने एवं सम्बन्धित निधियों से व्यय के सम्बन्ध में कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये गये।

मद सं० : 2024:25:06

**विश्वविद्यालय में कार्यदायी संस्था, ब्रिडकुल द्वारा निर्मित मैनेजमेन्ट ब्लॉक एवं ओपन एयर थियेटर के कुल आगणन के सापेक्ष 6 प्रतिशत अतिरिक्त जी.एस.टी. का भुगतान किये जाने की कार्योत्तर स्वीकृति।**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया एवं वर्ष 2022 के उपरान्त के बिलों में 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 जोड़कर लिये जाने के निर्देश दिये गये।

मद सं० : 2024:25:07

**नैक, बैगलौर द्वारा विश्वविद्यालय के मूल्यांकन हेतु किये जाने वाले भ्रमण से पूर्व सेवाओं एवं सुविधाओं को दुरुस्त किये जाने हेतु बजट का निर्धारण एवं अनुमोदन।**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं नैक, बैंगलौर द्वारा विश्वविद्यालय के मूल्यांकन हेतु किये जाने वाले भ्रमण से पूर्व सेवाओं एवं सुविधाओं को दुरुस्त किये जाने हेतु अनुमानित बजट धनराशि 157.02 लाख के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

मद सं० : 2024:25:08

**वर्ष 2023–24 हेतु दून विश्वविद्यालय हेतु सृजित पदों के सततीकरण आदेश प्राप्त न होने पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों के भुगतान की स्वीकृति।**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं वर्ष 2023–24 हेतु दून विश्वविद्यालय में सृजित_पदों के सततीकरण सम्बन्धी शासनादेश प्राप्त होने तक शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन इत्यादि का सुचारू रूप से भुगतान किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव को वित्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

मद सं० : 2024:25:09 — **Doon University Students Aid Fund से प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में।**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं **Doon University Students Aid Fund** से प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति मद में पर्याप्त धनराशि की उपलब्धता को देखते हुये, छात्रवृत्ति के रूप में ट्यूशन फीस की 100 प्रतिशत राशि भुगतान करने के प्रस्ताव को वित्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

मद सं० : 2024:25:10 — **विभिन्न कार्यक्रमों, शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र छात्राओं को दैनिक भत्ता निर्धारित/अनुमन्य किये जाना।**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं विभिन्न कार्यक्रमों, शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र छात्राओं को महाराणा प्रताप स्पोर्टस कॉलेज में प्रचलित दरों के अनुसार ही दैनिक भत्ता दिये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव को वित्त समिति द्वारा स्वीकृत किया गया।

मद सं० : 2024:25:11 — **दून विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं के शैक्षणिक भ्रमण, स्पोर्टस आयोजन एवं अन्य कार्यो हेतु सम्बन्धित फैकल्टियों द्वारा लिये गये अग्रिम के सम्बन्ध में।**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं उपरोक्त प्रस्ताव पर कार्यवाही किये जाने हेतु दून विश्वविद्यालय को अधिकृत किया गया।

मद सं० : 2024:25:12 — **दून विश्वविद्यालय में फैकल्टी होम में निवासित स्टॉफ एवं शिक्षकणों से उनके द्वारा प्रयोग किये गये पानी का बिल लिये जाने के सम्बन्ध में।**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं पानी के बिल को एम०डी०डी०ए० से स्वीकृत दरों ₹ 400/– प्रतिमाह लिये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

**मद सं० : 2024:25:13** **<u>दून विश्वविद्यालय, देहरादून में डॉ० नित्यानन्द हिमालयी शोध एवं अध्ययन केन्द्र के अन्तर्गत संचालित भूगोल एवं भूगर्भ विज्ञान विभागों हेतु Geoinformation and digital cartography लैब की स्थापना हेतु स्वीकृत धनराशि के सम्बन्ध में।</u>**

वित्त समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गयी एवं मतव्यक्त किया गया कि शासन से स्वीकृत बजट के सापेक्ष निर्धारित सीमा तक ही व्यय किया जाना नियमानुकूल है किसी प्रकार का परिवर्तन शासन की अनुमति पर ही किया जा सकता है। परियोजना की अवशेष धनराशि का उपयोग Geoinformation and digital cartography लैब के कार्यो/उपकरणों आदि हेतु, शासन से दिशा-निर्देश प्राप्त होने के तदोपरान्त् ही किया जायेगा।

**मद सं० : 2024:25:14** **<u>समर्थ पोटर्ल के माध्यम से शैक्षिणक सत्र 2024-25 में शुल्क भुगतान</u>**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

**मद सं० : 2024:25:15** **<u>मुख्य वार्डन (Chief Warden) को पसर्नल इम्प्रेस्ट दिये जाने के सम्बन्ध में।</u>**

अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्ताव वापस किया गया।